**दिनांक 13.01.2026 को मुख्य अभियंता (द0), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में नवादा जिलान्तर्गत प्रस्तावित 620 क्षमता वाले प्रेक्षागृह-सह अटल कला भवन के निर्माण कार्य हेतु प्राप्त तकनीकी बीड पर विचार हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही :-**

**उपस्थितिः-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | **श्री मनोज कुमार सिंह,**<br>मुख्य अभियंता (दक्षिण),<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | - | **अध्यक्ष** |
| (ii) | **श्री अभय कुमार सिंह,**<br>अधीक्षण अभियंता,<br>भवन अंचल, गया जी। | - | **सदस्य** |
| (iii) | **श्री रवि शंकर कुमार,**<br>कार्यपालक अभियंता,<br>भवन प्रमंडल, नवादा। | - | **सदस्य** |
| 1 | कार्य का नाम | - | नवादा जिलान्तर्गत प्रस्तावित 620 क्षमता वाले प्रेक्षागृह-सह अटल कला भवन के निर्माण कार्य। |
| 2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - | ₹ 19,73,26,000/- (निदेशक, कला संस्कृति एवं युवा विभाग का ज्ञापांक-771 दिनांक-10.02.2025)। |
| 3 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - | ₹ 13,23,26,600/- (मु0अभि0 (नि0) का पत्रांक-1046(नि0) अनु0 दिनांक-12.07.2025)। |
| 4 | परिमाण विपत्र की राशि | - | ₹ 13,14,41,627/- (असैनिक कार्य) |
| 5 | निविदा की राशि | - | ₹ 17,86,28,268/- |
| 6 | निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग | - | पी0आर0संख्या-017556(भ0) 25-26 प्रभात खबर समाचार पत्र में दिनांक-17.11.2025 में प्रकाशित। |
| 7 | निविदा आमंत्रण की तिथि | - | 17.11.2025 |
| 8 | प्री-बीड की बैठक की तिथि | - | 18.09.2025 / 19.09.2025 |
| 9 | निविदा की तिथि | - | 29.12.2025 |
| 10 | निविदा खोलने की तिथि | - | 30.12.2025 |
| 11 | <u>निविदादाता का नाम एवं पता</u> | - | (1) मे0 प्रसाद बिल्डर्स, लोहराकोंच, लालपुर, रॉची, झारखंड।<br>(2) मे0 संजय कुमार यादव, नियर शिव मंदिर, गया जी।<br>(3) बिपिन बिल्डटेक प्रा0 लि0, हनुमान नगर, गोंडापुर, नवादा।<br>(4) प्रमोद कुमार सिंह, काधौना, वजीरगंज, गया जी। |

12 **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-**

**प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-**

इस निविदा निष्पादन के दिशा-निर्देशों के पालन नही होने के कारण त्रुटिपूर्ण निविदा मानते हुए निविदा को रद्द कर पुनः निविदा करने का निर्णय लिया गया।

**द्वितीय बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-**

इस निविदा में एकमात्र सफल निविदाकार होने के कारण वित्त विभाग के पत्रांक-7806 दिनांक-30.09.2016 के आलोक मे निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

**तृतीय बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-**

दिनांक 13.01.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, नवादा द्वारा निविदा मे शामिल कुल चार निविदाकार द्वारा अपलोड किये गये निविदा कागजातों को डाउनलोड कर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। तकनीकी बीड के अभिलेखों की जॉच व तकनीकी मूल्यांकन किये जाने का निर्णय इस शर्त्त के साथ लिया गया कि भाग लेने वाले निविदाकार द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(b) के तहत

समर्पित किये गये समान प्रकृति कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र की जॉच में यदि अनुभव प्रमाण-पत्र फर्जी/जाली/गलत पाया जाता है, तो उक्त संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहत समुचित कारवाई की जा सकेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा चार निविदाकार का तकनीकी बीड के अभिलेखों को जॉच किया गया है, जॉचोपरांत निम्नवत पाया गयाः-

**प्रथम निविदाकार** मे0 प्रसाद बिल्डर्स, लोहराकोंच, लालपुर, रॉची, झारखंड द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **"रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

**द्वितीय निविदाकार** मे0 संजय कुमार यादव, नियर शिव मंदिर, गया जी द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **"रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

**तृतीय निविदाकार** बिपिन बिल्डटेक प्रा0 लि0, हनुमान नगर, गोंडापुर, नवादा द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **"रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

**चतुर्थ निविदाकार** प्रमोद कुमार सिंह, काथोना, वजीरगंज, गया जी द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) के तहत "Truss work (Structural Steel Built up Section) 18315Kg. & Electric Work (Including VRV/VRF AC System Audio/Video Lighting and Solar Panel System) Rs.2,35,93,320/- के आलोक में निविदाकार द्वारा Truss work एवं VRV/VRF AC System संबंधि अनुभव प्रमाण-पत्र उपलब्ध नही होने के कारण एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) के तहत् तकनीकी बीड में **"नॉन-रिसपॉसिव"** पाया गया।

इस प्रकार चार निविदाकार में से तीन निविदाकार को **"रिसपॉन्सिव"** एवं एक निविदाकार को तकनीकी बीड में **"नॉन-रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

13 **<u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णयः-</u>**

विभागीय पत्रांक-6290(भ0) दिनांक-07.07.2025 के आलोक में सम्यक् विचारोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्पति से (1) मे0 प्रसाद बिल्डर्स, लोहराकोंच, लालपुर, रॉची, झारखंड (2) मे0 संजय कुमार यादव, नियर शिव मंदिर, गया जी (3) बिपिन बिल्डटेक प्रा0 लि0, हनुमान नगर, गोंडापुर, नवादा को **सफल** (3) प्रमोद कुमार सिंह, काथोना, वजीरगंज, गया जी को **असफल** घोषित किया गया, साथ ही निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर रखा जाय एवं दिनांक-19.01.2025 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किया जाय। यदि किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है तो तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति बैठक कर आपत्ति का निस्तार करेगी यदि किसी प्रकार आपत्ति प्राप्त नही होती है तो मुख्य अभियंता (द0) सफल निविदाकार का वित्तीय बीड खोलने हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई करेंगे।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | | |
|---|---|---|
| ह0/- | ह0/- | ह0/- |
| (रवि शंकर कुमार) | (अभय कुमार सिंह) | (मनोज कुमार सिंह) |
| कार्यपालक अभियंता, | अधीक्षण अभियंता, | मुख्य अभियंता (द0), |
| भवन प्रमंडल, नवादा। | भवन अंचल, गया जी। | भवन निर्माण विभाग, |
| | | बिहार पटना। |

ज्ञापांकः-भवन/मु0अभि0(द0)यो0प्रा0-02-19/2025......181 S)........ पटना/दिनांक......13/01/26

प्रतिलिपिः- आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13/01/26

मुख्य अभियंता (द0)।

E/V/T P-1/2026/docx 26